University in News on 27 September 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

सबको साथ लेकर चलना सुशासन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल और हैप्पी थिंकिंग लैब के तीसरे स्थापना वर्ष का उद्घाटन समारोह मंगलवार को लोक प्रकाशन के डीपीए सभागार में हुआ। कार्यक्रम में सुशासन विषय पर व्याख्यान में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि सभी को साथ लेकर चलना और शासन का अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचना सुशासन है। उन्होंने इसके भारतीय संदर्भ में कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही, शक्ति और सपने देखने की आजादी सुशासन के अहम स्तंभ हैं। कार्यक्रम में डीन प्रो. अरविंद अवस्थी ने सुशासन के वैश्विक मानकों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रो. रश्मी कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. वैशाली सक्सेना रहीं। इस मौके पर प्रो. प्रियदर्शिनी मत्रिया, प्रो. मधुरिमा लाल, डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ. अमृता श्रीवास्तव, डॉ. आंचल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

नए विद्यार्थियों का हुआ अभिनंदन

लखनऊ। लविवि के व्यापार प्रशासन विभाग में मंगलवार को नए छात्रों के लिए दो दिवसीय ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों से कहा कि प्रबंधन शिक्षा को वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। यह कौशल और ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। अनलर्निंग, लर्निंग और रीलर्निंग, व्यवसाय में कुशलता, नेतृत्व, और संगठन कौशल को बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सफलता और सफल भविष्य की शुरुआत का समय है। कार्यक्रम में डीन प्रो. रचना मुज्जू, विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू भी मौजूद रहे। (संवाद)

न्याय अनुभव के पक्षों पर आधारित

लखनऊ। लविवि के दर्शनशास्त्र विभाग में न्याय व्यवस्था पर आधारित संगोष्ठी के दूसरे दिन विभिन्न वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता प्रो. राकेश चंद्र ने कहा कि न्याय केवल सैद्धांतिक न होकर अनुभव के पक्षों पर आधारित है। न्याय की स्थिति विगुणने से हर वर्ग का व्यक्ति प्रभावित होता है। इसलिए न्यायकर्ता को भावनाओं और आस्था से इतर सत्य को ध्यान में रखकर न्याय करना होता है। इस अवसर कई शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी श्रीवास्तव, डॉ. प्रत्यंकर भट्टाचार्य, डॉ. संगीता जोशी, डॉ. आलोक टंडन, डॉ. नंदिनी सिंह और डॉ. सुनील कुमार व प्रो. डीएन यादव उपस्थित रहे। (संवाद)

NBT PAGE 4

सोनभद्र में मिला 170 करोड़ वर्ष पुराना ग्लोकोनेटिक सैंड स्टोन

लविवि के प्रो. विभूति राय की टीम ने शोध के बाद किया दावा

स्फटिक संग पाए गए हकीक, अगेट और जैस्पर जैसे रत्न



■ एनबीटी सं., लखनऊः सोनभद्र में 170 करोड़ वर्ष पुराना ग्लोकोनेटिक सैंड स्टोन मिला है। इसमें पोटास की काफी मात्रा होती है, जिसकी मदद से खाद बनाई जाती है। इसके अलावा स्फटिक, हकीक, अगेट और जैस्पर जैसे रत्न भी मिले हैं। आदिमानवों द्वारा इस्तेमाल में लाए जाने वाले पत्थर के औजार भी मिले हैं। एलयू के विज्ञान संकाय के प्रो.विभूति राय ने भू-विज्ञान विभाग के 30 स्टूडेंट्स के साथ शोध के आधार पर यह दावा किया है।

प्रो. राय के अनुसार 21 से 25 सितंबर तक दल ने सोनभद्र में ओबरा (नेवारी), चोपन, बरगंवा, गुरुमा और मारकुंडी इलाके में शोध कार्य किया। इसके अलावा सोन और रेहंद नदी के किनारे भी खोजबीन की गई। इस दौरान प्रमुख रूप से नेवारी में 170 करोड़ वर्ष पुराना ग्लोकोनेटिक सैंड स्टोन मिला। कुछ अन्य स्थानों पर भी इतना ही पुराना ग्लोकोनेटिक सैंड स्टोन मिला। प्रोफेसर के अनुसार सभी स्थानों का संरक्षण बेहद जरूरी है। यहां शोध से काफी जानकारी हासिल हो सकती है। उन्होंने बताया कि शोध के दौरान स्फटिक, हकीक, अगेट और जैस्पर जैसे रत्न भी मिले हैं। कहा कि सोनभद्र को सरकार बहुमूल्य रत्नों का उत्पादन करने वाले प्रमुख स्थानों की सूची में शामिल कर सकती है।

आदि मानव के औजार भी मिलेः सोन नदी के किनारे पहाड़ियों में आदिमानव के रहने के साक्ष्य भी मिले हैं। शोध टीम के अनुसार आदि काल के लोगों द्वारा इस्तेमाल में लाए जाने वाले पत्थर के कई औजार मिले हैं। प्रो. राय का कहना है कि सरकार इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर सकती है।

विद्यार्थियों का अभिनंदन

Photo: Sandeep Rastogi

एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग में मंगलवार को नए स्टूडेंट्स लिए अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने खुद स्टूडेंट्स का स्वागत करते हुए मैनेजमेंट एजुकेशन की जानकारी दी। साथ ही हर संभव मदद की बात कही।

HINDUSTAN PAGE 6

डिजिटल इंडिया ने देश को नई राह दिखाईः डॉ. शर्मा

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। सुशासन जनता के जीवन में बदलाव लाने का माध्यम है। डिजिटल इंडिया ने सुशासन की अवधारणा को नया आयाम दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से नौ साल में देश बदला है। सुशासन के बदले स्वरूप ने पत्र भेजने से लेकर पढ़ने लिखने, व्यापार, भुगतान और खेती करने के तौर तरीके बदल दिए हैं। यह बातें राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के डीपीए सभागार में कही।

लोकप्रशासन विभाग के डीपीए सभागार में कांउसलिंग एंड गाइडेंस सेल व हैप्पी थिंकिंग लेबोरेट्री के तीसरे स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की घर घर शौचालय योजना, उज्जवला योजना, आवास योजना, जनधन खाता योजना, हर घर बिजली योजना ने लोगों का जीवन स्तर सुधारा है। स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाएं भी सुशासन का बदला स्वरूप हैं, जो आर्थिक परिदृश्य बदल रही हैं। शिक्षा जगत भी सुशासन के नए तौर तरीकों का अपनाकर बढ़ रहा है। आज गांव तक इंटरनेट पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर हैप्पी थिंकिंग प्रयोगशाला बनी है। खुशी एक ऐसा भाव है जो अन्दर से आता है।

प्रतिभावान विद्यार्थियों का डाटा तैयार करेगा एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रतिभावान विद्यार्थियों का डाटा तैयार किया जाएगा। इससे उन्हें कार्यक्रमों में जिम्मेदारी सौंपी जा सकेगी। इसके लिए उन्हें प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। साथ ही एक एक्टीविटी कैलेंडर भी बनाया जाएगा। इसके लिए विभागों से जानकारी मांगी गई है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू का कहना है कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी रुचि जानना जरूरी है। जिसके हिसाब से उनका डाटा बनाया जाएगा। जिससे खेल, सांस्कृतिक व तमाम तरह की प्रतियोगिताओं समेत अन्य कार्यक्रमों में वह आगे आकर हिस्सा ले सकें। इससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है। लीडरशिप की भावना आती है।

एक्टीविटी कैलेंडर बनेगा

अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बताया कि सभी विभागों से कहा गया है कि वह अपने यहां होने वाले कार्यक्रमों की सूची और अनुमानित तारीख तैयार कर लें। एक्टीविटी कलैंडर बनाया जाएगा। उसे एलयू की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

कला, विधि, विज्ञान के छात्रों को हॉस्टल आवंटित

लखनऊ। एलयू में परास्नातक स्तर के कई विषयों में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों को हॉस्टल आवंटित कर दिए गए हैं। चयनित अभ्यर्थी 30 सितंबर तक फीस जमा कर सकेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय में एमए, एमकॉम, एमएससी, एमएफए, एमबीए, बीपीएड, एलएलबी और एलएलएम के प्रथम सेमेस्टर के अभ्यर्थियों को हॉस्टल आवंटन कर दिया है। सूची एलयू की वेबसाइट पर है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

प्रबंधन शिक्षा समृद्ध समाज में महत्वपूर्ण है

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग में नए छात्रों के लिए किए गए दो दिवसीय ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने की। विभागाध्यक्ष प्रो.संगीता साहू के मार्ग दर्शन एवं समन्वयक डॉ.अनु कोहली के सार्थक प्रयासों से आयोजन का स्वचालन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों ने कुलगीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो.संगीता साहू ने नये प्रवेशित छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि आइए साथ मिलकर नये सफर की शुरुआत करें और ज्ञान के इस सफर को रंगीन और साहसी बनाएं। वहीं, डीन कॉमर्स डॉ. रचना मुजू ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह नए छात्रों के लिए एक खास और महत्वपूर्ण समय है जब वह अपने शिक्षा के सफर की शुरुआत कर रहे हैं। विवि के शिक्षक और स्टाफ ने उनकी अच्छी तैयारी के लिए कठिन मेहनत की है। छात्रों को प्रेरित करने के लिए कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने अपना बहुमूल्य वक्तव्य छात्रों के समक्ष दिया। उन्होंने कहा कि मैनेजमेंट एजुकेशन आज की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। साथ ही प्रबंधन शिक्षा का महत्व समृद्ध समाज में महत्वपूर्ण है। यह कौशल और ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। अनलर्निंग, लर्निंग और रीलर्निंग, व्यवसाय में कुशलता, नेतृत्व, और संगठन कौशल को बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सफलता और सफल भविष्य की शुरुआत का समय है। आपने अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण कदम को उठाया है और इस सफलता की ओर बढ़ने के लिए हम आपके साथ हैं।

JAGRAN CITY PAGE I, III

'जी-20 की अध्यक्षता सुशासन का उदाहरण'

जासं, लखनऊ : 'जी-20 अध्यक्षता भारतीय सुशासन का अनूठा उदाहरण है। कोरोना से भारत जिस तरह लगातार लड़ता रहा और उस पर काबू पाया, यह सुशासन का उदाहरण है।' यह बात राज्य सभा सदस्य एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने कही। वह मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के डीपीए सभागार में काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल एवं हैप्पी थिंकिंग लैब तीसरे स्थापना वर्ष के उद्घाटन समारोह पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

'सुशासन : एक संवाद विषय पर उन्होंने सुशासन के भारतीय संदर्भ का विस्तृत उल्लेख कर पारदर्शिता, शक्ति और सपने देखने की आजादी के शासन एवं व्यक्तिगत विषय में उपयोगिता को रेखांकित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर अरविंद अवस्थी ने की। इस अवसर पर परामर्श एवं मार्गदर्शन की निदेशक डा. वैशाली सक्सेना, हैप्पी थिंकिंग लैब की निदेशक प्रो. प्रियदर्शिनी मैत्रीय, प्रोफेसर मधुरिमा प्रधान, डा. अनुपमा श्रीवास्तव, डा. महेंद्र अग्निहोत्री, डा. ओपी शुक्ला, प्रोफेसर रश्मी कुमार, डा. आंचल श्रीवास्तव, डा. अनु कोहली, डा. अर्चना तिवारी, डा. प्रेरणा माथुर उपस्थित रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के डीपीए सभागार में आयोजित सुशासन : एक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य डा. दिनेश शर्मा • जागरण

PAGE 1 (14...)

एमबीए में नए छात्रों का किया गया स्वागत

जासं, लखनऊ : लखनऊ विवि के व्यापार प्रशासन विभाग में मंगलवार को नए छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय ऑनबोर्डिंग-2023 आनबोर्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की।

उन्होंने कहा, मैनेजमेंट एजुकेशन आज की जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। यह कौशल और ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। अनलर्निंग, लर्निंग और रीलर्निंग, व्यवसाय में कुशलता, नेतृत्व, और संगठन कौशल को बढ़ावा देता है। डीन कामर्स डा. रचना मुजू ने कहा कि यह नए छात्र-छात्राओं के लिए खास और महत्वपूर्ण समय है, जब वे अपने शिक्षा के सफर की शुरुआत कर रहे हैं।

किया जागरूक

जासं, लखनऊ: लविवि के समाज वार्य विभाग की ओर से छात्रों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज वार्य, पत्रकारिता विभाग एवं यूनिसेफ के माध्यम से छात्र-छात्राओं में बच्चों के मुद्दों को लेकर एक परिजागरण का संकल्प किया जा रहा है। इसे 'विल्ड्स हेल्प फार पेशन एंड बेटर इमोशंस' या ग्राबी के नाम से जाना जाता है।

शोध पत्र प्रस्तुत किए

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में चल रही राष्ट्रीय संगोष्ठी में मंगलवार को विभागाध्यक्ष डा. रजनी श्रीवास्त ने कहा कि न्याय केवल सैद्धांतिक न होकर अनुभविक पक्षों पर आधारित है। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर राकेश चंद्रा और सह अध्यक्षता प्रोफेसर ज्ञान प्रकाश ने की। इस अवसर पर डा. रजनी श्रीवास्त, प्रो. मधुमिता मिश्रा, डा. राजन, डा. प्रत्यंकर भट्टाचार्य, डा. संगीता जोशी, डा. आलोक टंडन, डा. नंदिनी सिंह और डा. सुनील कुमार, प्रो. डीएन यादव ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। (जासं)

बी.टेक. में सीटें खाली, 30 तक आवेदन

तीन व चार अक्टूबर को द्वितीय परिसर में होगी आफलाइन काउंसिलिंग

जागरण संवाददाता, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में बी.टेक. पाठ्यक्रम की दो काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच की सीटें खाली हैं। इन पर दाखिले के लिए फिर से आनलाइन आवेदन का मौका दिया गया है। अभ्यर्थी 30 सितंबर तक www.lkouniv.ac.in के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

लविवि ने बी.टेक., एम.सी.ए. व बी.फार्मा. में दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 21 व 22 सितंबर को आयोजित की थी। इसमें चयनित व प्रतीक्षारत वालों को मौका दिए जाने के बाद बी.टेक. की चार ब्रांचों में सीटें बच गई हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 12वीं में 45 प्रतिशत (एससी, एसटी के लिए 40 प्रतिशत) अंकों की योग्यता के अलावा अभ्यर्थियों को जेईई(मेंस)-2023/सीयूईटी (यूजी) या सीयूईटी पीजी-2023 में से एक प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण होनी जरूरी है। पहले चरण में पंजीकरण कर चुके अभ्यर्थियों को पुनः पंजीकरण की जरूरत नहीं है।

काउंसिलिंग तीन-चार अक्टूबर को : इस चरण में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग द्वितीय परिसर के इंजीनियरिंग संकाय में तीन व चार अक्टूबर को होगी। काउंसिलिंग के समय सभी अभिलेख लेकर आना होगा। साथ ही काउंसिलिंग में समय से पहुंचकर आगे की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

ये होगी फीस

बी.टेक. सिविल इंजीनियरिंग : 60,080 रुपये

बी.टेक. इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग : 60,080 रुपये

बी.टेक. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग : 60,080 रुपये

बी.टेक. मैकेनिकल इंजीनियरिंग : 60,080 रुपये

एल.एल.बी. में प्रतीक्षारत सूची के चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट जारी

शिया कालेज

जासं, लखनऊ : शिया पीजी कालेज ने एल.एल.बी. तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में दाखिले के लिए मंगलवार को प्रतीक्षारत सूची के चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट जारी कर दी। अभ्यर्थी एडमिशन पोर्टल www.shiapgcollege.ac.in या www.shiacollege.org के माध्यम से मेरिट देख सकते हैं।

मीडिया प्रभारी डा. प्रदीप शर्मा ने बताया कि प्रतीक्षारत सूची के सभी चयनित अभ्यर्थी एडमिशन पोर्टल पर जाकर आनलाइन विधि से 27 सितंबर से दो अक्टूबर तक अपना प्रवेश शुल्क जमा कर सकते हैं। काउंसिलिंग चार अक्टूबर को एससीडीआरसी कार्यालय में सुबह 11 बजे से होगी। अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षिक अभिलेखों के साथ उपस्थित होना होगा।

मेरिट की कटआफ

एल.एल.बी. व्यापार तथा : 64.57 से 63.41 तक

एल.एल.बी. व्यापार रिजर्व कैटेगरी : 55.10 से 49.27 तक

एम.क्राम. की चौथी मेरिट जारी

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि ने एम.क्राम. पाठ्यक्रम के दाखिले के लिए चौथी मेरिट सूची मंगलवार को जारी कर दी। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 29 सितंबर को एकेडमिक ब्लाक-2 के कमरा नंबर 336 में सुबह 11 से तीन बजे तक होगी। कोर्स के प्रवेश प्रभारी डा. प्रदीप मिश्रा ने इस्पष्ट नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी किया है। अभ्यर्थियों को सभी अभिलेखों के साथ काउंसिलिंग में उपस्थित होना होगा।

i-NEXT PAGE 4

एलयू : कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए फिर से लेंगे प्रस्ताव

एलयू में डीएसडब्ल्यू की अध्यक्षता में हुई बैठक

LUCKNOW (26 Sept): लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है. इसके लिए अब तक आए सरकारी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के प्रस्ताव पर चर्चा के लिए मंगलवार को अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर संगीता साहू की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई. इसमें वित्त अधिकारी, कुलसचिव, लूटा अध्यक्ष एवं एलयू कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष, महामंत्री सहित सभी सदस्य शामिल हुए.

बैठक में की गई चर्चा

बैठक में सरकारी दो सरकारी कंपनियों की ओर से आए प्रस्ताव पर चर्चा हुई. इस पर कर्मचारी परिषद के महामंत्री संजय शुक्ला ने कहा कि प्राइवेट कंपनियां भी बेहतर सुविधाएं देती हैं. इसलिए उनका प्रस्ताव भी लिया जाए. कमेटी की अध्यक्ष एवं डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर संगीता साहू ने बाजार में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के प्रस्ताव पर चर्चा की. तय हुआ कि सभी कंपनियों से प्रस्ताव लिया जाए, जिससे पता चल सकेगा कि कौन कंपनी क्या सुविधा देंगी. जल्द ही इसकी प्रक्रिया शुरू होगी. प्रस्ताव आने के बाद प्रस्तुतिकरण भी होगा.

29 कर्मचारियों के स्थायीकरण पर दिया गया अनुमोदन

एलयू के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने 29 कर्मचारियों के स्थायीकरण के प्रस्ताव पर अनुमोदन दे दिया है. लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के महामंत्री संजय शुक्ला ने बताया कि इन कर्मचारियों का स्थायीकरण लगभग एक वर्ष से लंबित था. अब अनुमोदन मिलने से इन सभी कर्मचारियों की प्रोन्नति का रास्ता खुल गया है.

LOKSATY PAGE 3

हैप्पी थिंकिंग लैब का स्थापना दिवस मनाया

लखनऊ, लोकसत्य

कार्यक्रम

• कांउसलिंग एंड गाइडेंस सेल और हैप्पी थिंकिंग लैब का तृतीय स्थापना दिवस मना

कांउसलिंग एंड गाइडेंस सेल और हैप्पी थिंकिंग लैबके तृतीय स्थापना वर्ष के उद्घाटन समारोह का आयोजन लोक प्रकाशन के डीपीए सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शीर्षक सुशासनः एक संवाद था।

मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा डॉ दिनेश शर्मा (सांसद राज्यसभा एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) रहे। उन्होंने सुशासन के भारतीय सन्दर्भ का विस्तृत उल्लेख किया तथा पारदर्शिता, जवाब देहिता,शक्ति और सपने देखने की आजादी के शासन एवम व्यक्तिगत विषय में उपयोगिता को रेखांकित किया। डॉ. शर्मा ने वर्तमान केंद्र सरकार की सुशासन के प्रति प्रतिष्ठा के विषय में लोगों को अवगत कराया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अरविंद अवस्थी (डीन कला संकाय) ने की। उन्होंने सुशासन के वैश्विक मानको की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अन्य अतिथि प्रो. रश्मि कुमार (हिंदी विभागाध्यक्ष) थीं। कार्यक्रम संयोजन डॉ वैशाली सक्सेना (निदेशक परामर्श एवं मार्गदर्शन) एवं प्रोफ प्रियदर्शिनी मत्रिया निदेशक, हैप्पी थिंकिंग लबोरटरी ने किया। कार्यक्रम में प्रो. मधुरिमा प्रधान संस्थापक, हैप्पी थिंकिंग लबोरटरी भी रहीं।

AMRIT VICHAR PAGE 4

प्रबंधन शिक्षा समृद्ध समाज में महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनलर्निंग, लर्निंग और रीलर्निंग, व्यवसाय में कुशलता, नेतृत्व और संगठन कौशल को देता है बढ़ावा
- लविवि में नए छात्रों के लिए दो दिवसीय ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम

अमृत विचार : प्रबंधन शिक्षा आज की जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। साथ ही प्रबंधन शिक्षा समृद्ध समाज में महत्वपूर्ण है। यह कौशल और ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

उक्त बात लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने व्यापार प्रशासन विभाग में नए छात्रों के लिए दो दिवसीय ऑनबोर्डिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कहा कि अनलर्निंग, लर्निंग और रीलर्निंग, व्यवसाय में कुशलता, नेतृत्व और संगठन कौशल को बढ़ावा देता है। यह सफलता और सफल भविष्य की शुरुआत का समय है। यहां आपका जीवन बदलेगा और आप नए दरवाजों की ओर बढ़ेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू ने नए प्रवेशित छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम में डीन कॉमर्स डॉ. रचना मुजू ने कहा की यह नए छात्रों के लिए एक खास और महत्वपूर्ण समय है, जब वे अपने शिक्षा के सफर की शुरुआत कर रहे हैं। नए छात्रों को वीडियो प्रेजेंटेशन दिखाया गया। इस दौरान डॉ. अनु कोहली आदि मौजूद रहे।

हैकाथान में टीमों ने 13 प्राब्लम स्टेटमेंट पेश किए

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की ओर से स्मार्ट इंडिया हैकाथान के लिए आंतरिक हैकाथान आयोजित की गई। हैकाथान में 13 विभिन्न टीमों नें भाग लिया। प्रत्येक टीम में छह सदस्य थे। जिसमें एक महिला सदस्य का होना अनिवार्य था। टीमों ने 13 प्राब्लम स्टेटमेंट ज्यूरी के सामने पेश किए। पांच टीमों को सलेक्ट किया गया, जो आगे होने वाले मुख्य स्मार्ट इंडिया हैकाथान में प्रतिभाग कर सकेंगे। इस आयोजन का संचालन कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर इंजी. रोहित सिंह, इंजी अंशु सिंह और इंजी अकांक्षा यादव की ओर से किया गया।